INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Answers Grammar worksheet - Month :November	Topic: Grammar - अनेकार्थी, भाववाचक संज्ञा , काल वाक्य शुद्धि, मुहावरे , पर्यायवाची, विलोम	**Note: Pl. write in your note book.**

प्रश्न-1- निम्नलिखत अनेकार्थी शब्दों से दो - दो शब्द बनाएँ –

1 - हार - माला , हारना

2 - नित्य - प्रतिदिन , हमेशा

3 - अंक - गोद , संख्या

4 - पानी - जल , चमक

5 - मत - वोट , राय

6 - घट - घड़ा , मन

प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए:-

1 - मित्र - मित्रता

2 - मानव - मानवता

3 - सफेद - सफेदी

4 - जवान - जवानी

5 - प्यासा - प्यास

6 - दूर - दूरी

प्रश्न-3- निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचान कर काल का भेद बताइए -

1 - बच्चे नाश्ता कर रहे हैं ।	**वर्तमान काल**
2 - पूजा ने पुस्तक पढ़ी।	**भूत काल**
3 - अमन कहानी सुना रहा था ।	**भूत काल**
4 - मेरे घर पर मेहमान आएँगे।	**भविष्यत् काल**
5 - कल हम सब घूमने जाएँगे ।	**भविष्यत् काल**
6 - मछलियाँ नदी में तैर रही हैं ।	**वर्तमान काल**

प्रश्न -4-निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए :-

1- क्या बच्चे पढ़ रहे हैं किताब ?

उत्तर:- क्या बच्चे किताब पढ़ रहे हैं ?

2 - घोड़े के पास चार पैर होते हैं।

उत्तर- घोड़े के चार पैर होते हैं।

3 - तुम्हारे थैला बहुत भारी है।

उत्तर- तुम्हारा थैला बहुत भारी है।

4 - हलवाई ने मुझे मिठाई खाई |

उत्तर- हलवाई ने मुझे मिठाई खिलाई |

5 - मुझे एक फूलों की माला चाहिए।

उत्तर - मुझे फूलों की एक माला चाहिए।

6 - यह तो मेरा पुस्तक है ।

उत्तर यह तो मेरी पुस्तक है ।

8 – यह तो मेरी घर है ।

उत्तर यह तो मेरा घर है ।

प्रश्न -5 - निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-

1 - नीचा दिखाना) - अपमानित करना - (राम सदा दूसरों को नीचा दिखाता रहता है , उसकी यह आदत किसी को भी पसंद नहीं है ।

2 - आसमान सिर पर उठाना –(बहुत शोर करना)- अध्यापिका के कक्षा से जाते ही छात्रों ने आसमान सिर पर उठा लिया।

3 - गले का हार (बहुत प्रिय)-बच्चे माता- पिता के गले का हार होते हैं ।

4 - आसमान से बातें करना (बहुत ऊँचा होना) - आजकल की इमारतें तो आसमान से बातें करती हैं |

5 - ऊँगली पर नचाना (अपने वश में करना)अमेरिका कमज़ोर देशों को सदा अपनी ऊँगली पर नचाता रहता है |

प्रश्न 6 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-

1 - कहानी -	**कथा ,**	**गाथा**
2 - शत्रु -	**वैरी ,**	**दुश्मन**
3 - हाथी -	**गज ,**	**नाग**
4 - दूध -	**दुग्ध ,**	**गोरस**
5 - दिन -	**वार ,**	**वासर**
6 - धरती -	**धरा ,**	**धरणी**

प्रश्न- 7 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

1 -	**काला - सफ़ेद**	**5 -**	**असुर - सुर**
2 -	**गरमी - सरदी**	**6 -**	**इच्छा - अनिच्छा**
3 -	**हिंसा - अहिंसा**	**7 -**	**एकता - अनेकता**
4 -	**जन्म - मृत्यु**		